तापमान

अधिकतम 33.3 डिग्री
न्यूनतम 14.7 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार 6 अप्रैल 2026



12 समाधान संस्था की कार्यकारिणी का विस्तार ...






12 शिविर में 155 लोगों ने किया रक्तदान...




## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से व्यक्ति की मौत

**यमुनानगर।** व्यासपुर साढ़ौरा रोड पर गांव कुराली अड्डे के पास कार की टक्कर लगने से व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव कपूरी कला निवासी रणधीर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि भाई 42 वर्षीय संजीव चार अप्रैल को शाम सात बजे किसी काम से जा रहा था। गांव कुराली अड्डे के पास कार ने भाई को टक्कर मार दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसके भाई को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

### चोरों ने सूने घर से चुराए लाखों रुपये के आभूषण

**यमुनानगर।** फरकपुर थाना क्षेत्र की नंदा कॉलोनी से चोरों ने सूने घर में घुसकर लाखों रुपये के सोने चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। नंदा कॉलोनी निवासी भरत कुमार ने फर्कपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि घर का ताला लगाकर किसी काम से बाहर गया था। अगले दिन जब वह वापस लौटा तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से सोने की अंगूठी, सोने की चेन, कंगन, मंगलसूत्र, चांदी के बर्तन व अन्य सामान गायब मिला। जिसकी कीमत करीब तीन लाख 30 हजार रुपए है।

### लक्ष्मी सिनेमा से हजारों रुपये का सामान चोरी

**यमुनानगर।** अशोक कुमार ने बताया कि चोरों ने तीन अप्रैल की रात को लक्ष्मी सिनेमा में घुसकर 20 टूंटियां, बिजली की तारें तथा जनरेटर की बैटरी चोरी कर ली। जिसकी कीमत करीब 43 हजार रुपए है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### गांव मांडी में युवक ने आत्महत्या की

**पानीपत।** पानीपत के गांव मांडी निवासी 21 वर्षीय सन्नी पुत्र कर्मवीर ने अज्ञात कारणों से रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि सन्नी को झारखंड से डाकखाने में नौकरी का जॉइनिंग लेटर आया था, लेकिन वह नौकरी जॉइन नहीं कर पाया था। परिजनों द्वारा उसे एनसी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया और शव को सिविल अस्पताल पानीपत भेज दिया। इसराना थाना पुलिस ने सन्नी की मौत के मामले की जांच शुरू कर दी है।

### समालखाः घर से लाखों के जेवर चोरी

**समालखा।** पानीपत के गांव डिकाडला निवासी पूजा के घर में संदूक में रखे लाखों रूपये कीमत के सोने व चांदी से बने जेवर चोरी हो गए। वहीं, पूजा के पति का निधन हो चुका है और उसने थाना समालखा पुलिस को दी शिकायत में पूजा ने अपने घर से गहने चोरी करने का आरोप अपनी भाभी रितु पर लगाया है। पूजा ने बताया कि वह अपनी ननद के घर गई, तक रितु उनके घर आई और गहने चोरी कर ले गई। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### करंट लगने से महिला की मौत

**पानीपत।** पानीपत के गांव ब्राहमण माजरा निवासी 27 वर्षीय सीमा पत्नी बिजेंद्र की फ्रिज में आए करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के समय सीमा सीमा घर में पोछा लगा रही थी। सीमा के जिंदा होने की आस के साथ परिजन उसे लेकर एनसी मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। वहीं, मेडिकल जांच के बाद चिकित्सकों ने सीमा को मृत घोषित कर दिया।

---

रेड से पहले ही नाकाबंदी, घर से सप्लाई के लिए निकलते ही दबोचा

# नशे पर शिकंजाः हेरोइन व अफीम सहित तीन तस्कर गिरफ्तार

- शादीपुर क्षेत्र में कार्रवाई करीब 80 हजार रुपये की हेरोइन बरामद
- नशा तस्करी के दो केस दर्ज जमानत पर बाहर आते ही फिर शुरू किया कारोबार

*नशे के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए तीन अलग-अलग मामलों में अफीम और हेरोइन के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक मामले में करीब 4 लाख रुपये की अफीम बरामद हुई, जबकि अन्य मामलों में हजारों रुपये की हेरोइन और 4.26 ग्राम हेरोइन के साथ आरोपियों को पकड़ा गया।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने शादीपुर क्षेत्र से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 40 ग्राम हेरोइन बरामद की है। आरोपी से बरामद हेरोइन की कीमत करीब 80 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

सेल के इंचार्ज अनिल कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि शादीपुर क्षेत्र में एक युवक नशीले पदार्थों के साथ घूम रहा है। इस सूचना के आधार पर एएसआई कर्मवीर, अमित, ललित और एएसआई जसबीर सिंह की टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध युवक को काबू कर लिया। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट को बुलाया गया और उनके सामने युवक की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 40 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।




**यमुनानगर।** एंटी नारकोटिक सेल की टीम द्वारा नशीले पदार्थ के साथ पकड़ा गया आरोपी युवक। फोटो: हरिभूमि

पूछताछ में आरोपी की पहचान गांव रायपुर निवासी तारीफ के रूप में हुई। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इंचार्ज अनिल कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले भी नशा तस्करी के दो मामले दर्ज हैं। जो अदालत में विचाराधीन हैं। आरोपी हाल ही में जमानत पर बाहर आया था और बाहर आते ही उसने फिर से नशे का अवैध कारोबार शुरू कर दिया।

### करनाल के निसिंग में 1 किलो 540 ग्राम अफीम के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार

**करनाल।** करनाल के निसिंग क्षेत्र में नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक युवक को अफीम समेत गिरफ्तार किया है। आरोपी अपने घर से अफीम लेकर सप्लाई के लिए निकलने वाला था, लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने रेड कर उसे काबू कर लिया। मौके से 1 किलो 540 ग्राम अफीम बरामद हुई है, जिसकी कीमत करीब 4 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शनिवार को सब इंस्पेक्टर रामनिवास के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त कर रही थी। टीम जब गुलरपुर रोड, निसिंग पर मौजूद थी, तभी सूचना मिली कि वार्ड नंबर-6, अमर कॉलोनी निवासी अमरजीत सिंह उर्फ अमन अफीम बेचने का काम करता है और आज भी वह सप्लाई के लिए निकलने वाला है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने अमर कॉलोनी स्थित आरोपी के घर के पास नाकाबंदी कर दी। इसी दौरान अमरजीत सिंह उर्फ अमन घर के मुख्य दरवाजे से काले रंग की पन्नी लेकर बाहर निकलता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर उसने पन्नी फेंकी और भागने लगा, लेकिन टीम ने पीछा कर उसे मौके पर ही पकड़ लिया।

### मुलानाः 4.26 ग्राम हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार, स्कूटी, नकदी और मोबाइल जब्त



**मुलाना।** पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को 14.26 ग्राम हेरोइन (स्मैक) के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मुलाना थाना प्रभारी प्रमोद राणा ने बताया कि सूचना मिली थी कि गांव सिरसगढ़ का जसविंद्र उर्फ बिंद्र हेरोइन बेचने का काम करता है। वह स्कूटी पर सिरसगढ़ से मेडिकल कॉलेज की ओर आने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बुढियो-सिरसगढ़ रोड पर नाका लगाकर आरोपी को काबू किया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 14.26 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। कार्रवाई के दौरान राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में सभी कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। पुलिस ने आरोपी की स्कूटी, नकदी और मोबाइल फोन भी कब्जे में लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ 2024 में भी दो एनडीपीएस के मामले दर्ज हैं।

---

# चोरी की बाइक यूपी बेचने जा रहा था गिरफ्तार

आरोपी से चोरी की दो बाइक व एक्टिवा बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिला पुलिस की एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम ने कलानौर बॉर्डर से बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी चोरी की बाइक को बेचने के लिए उत्तर प्रदेश जा रहा था। पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी ने चोरी की दो बाइक व एक एक्टिवा चुराने की वारदात का खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपी से बाइक व एक्टिवा बरामद कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल के इंचार्ज ने बताया कि टीम को सूचना प्राप्त हुई थी कि एक युवक चोरी की मोटरसाइकिल लेकर कलानौर होते हुए उत्तर प्रदेश की तरफ जाने वाला है। इस सूचना के आधार पर एएसआई हुसन, मुख्य सिपाही रणधीर, संदीप, जितेन्द्र, नरेश के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने संभावित स्थान पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू की गई। नाकाबंदी के दौरान कुछ समय बाद एक युवक बाइक पर आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने उसे रोककर जांच की तो बाइक के दस्तावेज संदिग्ध पाए गए।



**यमुनानगर।** एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम द्वारा पकड़ा गया बाइक चोर।

#### पहले से मुकदमे दर्ज

आरोपी ने स्वीकार किया कि यह बाइक उसने 20 मार्च को यमुनानगर बस स्टैंड के बाहर से चोरी की थी। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान गांव सुढैल निवासी प्रवेश कुमार के रूप में हुई। आरोपी से पूछताछ करने पर उसके कब्जे से चोरी की एक अन्य मोटरसाइकिल भी बरामद की गई। आरोपी ने खुलासा किया कि उसने दूसरी बाइक एक अप्रैल को यमुनानगर बस स्टैंड के नजदीक से चोरी की थी। इसके अतिरिक्त आरोपी ने 22 जनवरी को एक एक्टिवा सेक्टर-17 हुड्डा से चोरी की थी। इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि आरोपी एक आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ पूर्व में भी चोरी के दो मुकदमे दर्ज हैं।

### मेडिकल कॉलेज कर्मी की संदिग्ध मौत

**पानीपत।** एनसी मेडिकल कॉलेज के तकनीकी कर्मचारी 29 वर्षीय सचिन पुत्र देशराज निवासी गांव बांध का शव उसके कमरे में बिस्तर के नीचे मिला। पुलिस की जांच में पता चला कि सचिन शनिवार शाम को वह अपनी ड्यूटी पर कॉलेज में आया और रात में अपने कमरे को अंदर से बंद कर लिया था। रविवार की सुबह जब सचिन बाहर नहीं निकला तो साथी कर्मचारियों ने दरवाजा तोड़ दिया। अंदर सचिन का शव बिस्तर के नीचे पड़ा मिला। सचिन अपने परिवार का इकलौता बेटा था। उसके चार साल की एक बेटी और ढाई साल का एक बेटा है। इसराना थाना पुलिस ने सचिन के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में सचिन की मौत के सही कारण पता चलेंगे।

---

भवीचंद व रणबीर को शहीद का दर्जा दिलाने की मांग

## अग्निशमनकर्मी 8-9 को राज्यव्यापी हड़ताल करेंगे




**कुरुक्षेत्र।** कर्मचारियों को संबोधित करते अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के राज्य सचिव मनजीत सिंह। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के नेता जुट गए हैं। दो दिवसीय 8 व 9 अप्रैल की राज्यव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के हरियाणा के सभी 103 अग्निशमन केंद्रों के कर्मचारियों से संपर्क करने के लिए राज्यस्तरीय नेताओं के चार टीमों का गठन किया गया है। हरियाणा अग्निशमन कर्मचारी यूनियन के राज्य प्रधान राजेंद्र सिणद के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान जत्था कुरुक्षेत्र दमकल केंद्रों के फायर कर्मचारियों कौशल के कर्मचारी ने से मिला और उनकी सभाएं आयोजित कर हड़ताल में शामिल होने के लिए अपील की। जत्थे मे उनके साथ अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के राज्य सचिव मनजीत सिंह, वरिष्ठ नेता जयप्रकाश भी उपस्थित रहे। अब यह जत्था,यमुनानगर, अम्बाला ,के फायर कर्मचारियों से मीटिंग कर हड़ताल में शामिल होने का आहवान करेगा। हरियाणा फायर विभाग कर्मचारी यूनियन के राज्य प्रधान राजेंद्र सिणद ने कर्मचारियों को सम्बोधित किया।

---

यमुना पर घाट बनाने को एकजुट हुए खादर के ग्रामीण

## महापंचायत कर ग्रामीणों ने पैदल मार्च किया




**पानीपत।** गंगा यमुना संगम घाट बनाने की मांग को लेकर पैदल मार्च करते हुए ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

यमुना सुधार समिति के बैनर तले रविवार को दर्जनों गांव के हजारों ग्रामीणों, पानीपत बार एसोसिएशन समेत विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने महापंचायत की। उपरोक्त ने हरिद्वार हाईवे स्थित सनौली यमुना पुल बॉर्डर के पास यमुना-गंगा संगम घाट बनाने की मांग की और इसके समर्थन में पैदल मार्च किया। श्रद्धालुओं का पैदल पानीपत के गांव रामडा आर के सामने से शुरू हुआ और उत्तर प्रदेश की सीमा में यमुना नदी के पुल पर पहुंचा। यहां श्रद्धालुओं ने यमुना-गंगा संगम घाट की मांग को लेकर नारे लगाए। वहीं, पैदल मार्च फिर यमुना पुलिस नाका पर संपंन हुआ। वहीं यमुना सुधार समिति के प्रदेशाध्यक्ष रतन सिंह रावल एडवोकेट ने कहा कि हिन्दुओं के सबसे बडे उत्सव महाकुंभ में गंगा-यमुना संगम स्थित प्रयागराज में करोडों श्रद्धालु पहुंचते है। एक ऐसा ही संगम स्थल यूपी के शामली के गांव गंदेवडा में अस्तित्व में आया है। महापंचायत व पैदल मार्च में पानीपत बार एसोसिएशन के प्रधान सुरेंद्र दूहन, पूर्व विधायक भरत सिंह छौक्कर, ब्राह्मण सभा प्रधान सुरेंद्र शर्मा, प्रदीप कश्यप सरपंच रामडा आर, नरसिंह रावल सरपंच प्रतिनिधि रिशपुर आदि मौजूद रहे।

---

मुलाना में वारदात, सीसीटीवी में कैद

## कार में भेड़ों को ठूंसकर फरार हो गए चोर



मुलाना। कार में भेड़ों को लादते चोर। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना

साहलेपुर गांव में चोरी का एक बड़ी वारदात हो गई। यहां शातिर चोरों ने किसी बड़े वाहन की जगह एक कार का इस्तेमाल कर 15 भेड़ें चोरी कर लीं। यह पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। शनिवार देर रात करीब तीन चोर कार में सवार होकर आए थे। चोरों ने बड़ी चालाकी से बाड़े में घुसकर एक-एक कर 15 भेड़ों को कार की पिछली सीटों और डिग्गी में ठूंस कर भाग गए। इन भेड़ों की बाजार में कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये है। रविवार सुबह बाड़ा खाली देखकर पशु पालक के होश उड़ गए। इस वारदात से ग्रामीणों में रोष है। 20 दिन पहले ही क्षेत्र के कालपी गांव में भैंस चुराने आए तीन चोरों ने एक बुजुर्ग की गंडासी से हत्या कर दी थी। एक बुजुर्ग को घायल कर दिया था। पीड़ित के भतीजे मुकेश कुमार ने बताया कि उनके चाचा ने शनिवार को रोजाना की तहर अपने घर के बाड़े में भेंड़ें बांध रखी थी। रात करीब 1 बजकर 40 मिनट पर आए चोरों ने भेंड़ें चुरा ली।

---

### छावनी में डकैती की वारदात में शामिल मुख्य आरोपी काबू

**अंबाला।** सीआईए-2 यूनिट ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए थाना अम्बाला छावनी क्षेत्र में हुई डकैती की वारदात में संलिप्त सातवें आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान आकाश के रूप में हुई है, जो पिछले करीब 7 महीनों से फरार चल रहा था। 5 अगस्त 2025 को शिकायतकर्ता राजीव ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि बदमाशों ने हथियारों के बल पर डरा-धमकाकर उनके शोरूम से 8 विंडो एसी और अन्य दुकानों से इन्वर्टर, बैटरी व कॉपर वायर लूट लिए थे। पुलिस ने गंभीरता दिखाते हुए सीआईए-2 को जांच सौंपी, जिसने गहन तफ्तीश के बाद मामले में डकैती की धाराएं जोड़ीं। इस मामले में अब पकड़ा गया आरोपी आकाश एक शातिर अपराधी है। पुलिस जांच में सामने आया है कि उसके खिलाफ राजस्थान और हरियाणा के विभिन्न थानों में चोरी और डकैती से संबंधित लगभग 9 मामले पहले से दर्ज हैं। अब तक कुल 7 आरोपियों को सलाखों के पीछे भेज चुकी है।

---

कुरुक्षेत्रः एक कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश राजेश बिंदल ने कहा

*कवि एवं साहित्यकार डॉ. हरीश कुमार लाडला की नई पुस्तकों का विमोचन*

# बुजुर्गों का सम्मान करें, उनके अनुभवों से परिवार और समाज बनता है मजबूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

बुजुर्गों के सम्मान और उनके अनुभवों को साझा करना चाहिए। ऐसा करने पर मान सम्मान और परिवार का विकास बुजुर्गों के आशीर्वाद से होगा। सभी को परिवार के बुजुर्गों के पास कुछ समय अवश्य देना चाहिए। उनका हालचाल जाने और सम्मान दें। यही संदेश आपको अपने बच्चों के बीच भी देना चाहिए। उक्त शब्द सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश बिंदल ने कहे। राजेश बिंदल रविवार को कवि, शायर, पूर्व आईजी डॉ. हरीश कुमार लाडला द्वारा लिखी चार पुस्तकों के विमोचन कार्यक्रम में



**कुरुक्षेत्र।** सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश बिंदल व पूर्व डीजीपी डॉ. केपी सिंह व डॉ. आरसी मिश्रा, कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा, एसके गोयल व रामकुमार अलेवा चार पुस्तकों का विमोचन करते हुए।

बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर पूर्व डीजीपी डॉ. के.पी. सिंह, हरियाणा पुलिस शिकायत प्राधिकरण के चेयरमैन डॉ. आरसी मिश्रा, विशिष्ट अतिथि कुवि कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा, विशिष्ट अतिथि बिजली विभाग के पूर्व एसई इंजि. एसके गोयल, विशिष्ट अतिथि कविराज रामकुमार अलेवा के अलावा अन्य मौजिज व्यक्तियों ने पहुंचकर लाडले की पुस्तक गीता ज्ञान अमृतम् तसव्वुर, अतिश्योक्ति व बिखरे मोती नई पुस्तकों का विधिवत विमोचन किया गया, जिससे वे अब आम जनता के पढ़ने और ज्ञानार्जन के लिए उपलब्ध हैं। मुख्यातिथि न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश बिंदल ने लाडले की नई पुस्तकों की भूरि-भूरि प्रशंसा की और कहा कि यह पुस्तक आमजन में अच्छे संदेश देगी और निश्चित ही युवाओं को प्रेरित करेंगी। उन्होंने सुझाव दिया अगर यह पुस्तकें स्कूल, कॉलेजों में लगाई जाए तो विद्यार्थियों के लिए लाभप्रद सिद्ध होंगी। आज देखने में आ रहा है सड़क पर कोई दुर्घटना हो जाती है तो लोग वीडियो बनाने लगते हैं।

#### कवियों व साहित्यकारों को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

पुस्तक विमोचन कार्यक्रम के आयोजक लेखक व साहित्यकार डॉ. हरीश कुमार लाडला ने कहा कि गीता ज्ञान अमृतम धार्मिक पुस्तक है। पुस्तक में गीता के 18 अध्यायों व 700 श्लोकों को कामधेनु छंद में भावानुवाद करके इसकी रचना की गई है जोकि भारत में अपने आप में गीता पर दोहावली में पहली धार्मिक पुस्तक है। कार्यक्रम में डा. हरीश कुमार व उनकी धर्मपत्नी कुवि डीन प्रो. कृष्णा देवी ने कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्यातिथि व अन्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह व शॉल भेंट कर देकर सम्मान किया। इसके अलावा समाजसेवा के क्षेत्र में कार्य कर रहे कवियों व साहित्यकारों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

---

# घर के चोबारे में युवक ने फंदा लगाकर दी जान

- बाबैन के अन्टेहडी गांव की घटना, 22 वर्षीय युवक पिछले कुछ दिनों से था परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

बाबैन के अन्टेहडी गांव में एक युवक ने अपने घर के चोबारे में पंखे से चुन्नी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। घटना के वक्त घर पर युवक की बहनें मौजूद थी, जबकि उसके माता-पिता घास लेने गए हुए थे। बताया जाता है कि, युवक पिछले कुछ दिनों से परेशान चल रहा था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक की पहचान अमनपाल (22) निवासी अन्टेहडी के रूप में हुई। अमनपाल अपने मां-बाप का इकलौता बेटा था। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल पर फोरेंसिक टीम को बुलाकर सैंपल इकट्ठा करवाए। इकलौते बेटे की मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है। पड़ोसी अभिषेक के मुताबिक, वह अमनपाल का बचपन का दोस्त है। सुबह वह अपने घर पर था। तभी पड़ोसी राजकुमार के घर से जोर-जोर की रोने की आवाज आई। वह घर पहुंचा तो देखा कि अमनपाल चोबारे के कमरे में पंखे पर चुन्नी का फंदा लगाकर लटका हुआ है। उसने अमनपाल की बहनों की मदद से उसे फंदे से नीचे उतारा। वह कुछ दिनों से परेशान रहता था। उसने अचानक यह कदम उठा लिया। इसमें किसी का कोई कसूर नहीं है। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और कार्रवाई शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### गुरु पूजा से जीवन में नहीं आता अकाल कष्टः स्वामी

**कुरुक्षेत्र।** जय ओंकार आश्रम श्रीब्रह्मा मंदिर में साप्ताहिक प्रवचन करते हुए जय ओंकार अन्तर्राष्ट्रीय सेवाश्रम संघ संस्थापक श्रीश्री 1008 सद्गुरुदेव स्वामी शक्ति देव महाराज कुरड़ी वाले द्वारा प्रेरणा देते हुए कहा कि हमें अपने गुरुदेव जी कृपा से माता पिता का व कन्या पूजन कर करके ही घर से बाहर निकलना चाहिए और अपने स्थानीय देवो की भी पूजा करनी चाहिए। स्थानीय देवी देवता व गुरु पूजा से कभी भी जीवन में अकाल कष्ट नहीं आता। इसीलिए हमें अपने गुरुदेव के चरणों में जाकर व मात पिता के पास बैठकर उनका आशीर्वाद प्राप्त करके जीवन को आनंदमय और सुखमय में बिताना चाहिए। संघ संचालक पंडित शिवनारायण दीक्षित ने कहा हमें सभी गुरु चरणों की कृपा से निस्वार्थ भाव व प्रेम से सेवा करनी चाहिए।

### कठिन समय इंसान को सशक्त बनाता हैः सुधांशु

**पानीपत।** शहर के शिवाजी स्टेडियम में सुधांशु महाराज के सानिध्य में चल रहे चार दिवसीय विराट सनातन भक्ति सत्संग के प्रातः काल सत्र से पूर्व पांच कुंडीय हवन यज्ञ महाराज श्री द्वारा कराया गया। जिसमें मुख्य यजमान उमाशंकर राय सपत्नीक, प्रेम सचदेवा सपत्नीक, अनीता अरोड़ा, गिरीश अरोड़ा व इंदु अरोड़ा रहे। सभी ने व्यास पूजा कर सुधांशु महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट व उपाध्यक्ष नवीन भाटिया ने माल्यार्पण कर सुधांशु महाराज का स्वागत किया एवं आशीर्वाद लिया। आयोजक विश्व जागृति मिशन पानीपत मॉडल द्वारा सभी अतिथियों एवं सहयोगियों को माल्यार्पण कर, ऑल ओढाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। दूसरी ओर सुधांशु महाराज ने कहा कि अगर जीवन में सफल होना है तो समय की कदर करना सीखो। समय का सद्प्रयोग कर अपने जीवन को सुखमय बनाया जा सकता है। जबकि मुश्किलों से टकरा कर ही इंसान शसक्त बनता है।

### युवा खेलों और शिक्षा में बनाएं भविष्यः सिंह

पानीपत। जिला पुलिस विभाग ने रविवार अदियाना व राजा खेडी गांवों में खेलकूद प्रतियोगिता और जागरूक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खेलों के माध्यम युवाओं और ग्रामीणों को नशे और अपराध की दलदल से दूर रहकर खेलों में आगे आने के लिए प्रेरित करते हुए एसपी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि युवा एक दूसरे को देखकर नशे की लत में पड़ रहे हैं। कुछ युवा एक दूसरे को देखकर अपराध की दलदल धंस रहे हैं। नशे और अपराध की संगत से समाज का तानाबाना बिगड़ रहा है। युवाओं को इन सबसे दूर रहना चाहिए।

### प्रशासन हर आपदा से निपटने को तैयार

**पानीपत।** नागरिकों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की आपदा चाहे वह आगजनी की घटना हो, सड़क दुर्घटना हो या भवन ढहने जैसी स्थिति हो, हर परिस्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क, सशक्त और प्रतिबद्ध है। अग्निशमन एवं आपात सेवा विभाग आधुनिक उपकरणों, प्रशिक्षित कर्मियों और मजबूत संसाधनों से लैस है।

### जिले में कटाई मजदूरों का अभाव बना किसानों की बड़ी समस्या

# पशुओं के सूखे चारा का मोह त्यागकर कंबाइन से गेहूं कटवा रहे किसान

मौसम में बदलाव के चलते खेतों में पकी खड़ी गेहूं की फसल को जल्द समेटने में लगे किसान, बारिश व ओलावृष्टि का सता रहा खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। कंबाइन से गेहूं कटवाते किसान।



यमुनानगर। मंडी में गेहूं को समेटते हुए मजदूर।

मौसम में हो रहे आए दिन बदलाव के चलते व मजदूरों के नहीं मिलने से किसानों ने खेतों से गेहूं की फसल को कंबाइन से कटवाकर समेटना शुरू कर दिया है। किसानों को डर है कि कहीं मौसम ज्यादा खराब होने से उनकी खेतों में पकी खड़ी गेहूं की फसल को नुकसान ना हो जाए। किसानों का कहना है कि पिछले कुछ दिन से मौसम में कभी बुंदाबांदी तो कभी आसमान में बादल छाए रहने के कारण भी वह खेतों से जल्द से जल्द अपनी छह महीने की कमाई को समेटना चाहते हैं।

किसान दिलीप सिंह, महेंद्र सिंह, कुलबीर सिंह व सतीश आदि का कहना है कि खेतों में खड़ी गेहूं की फसल पक चुकी है। जबकि पछेती किस्म की गेहूं की फसल भी अधिकांश खेतों में पकी खड़ी है। मगर उन्हें मजदूर नहीं मिल रहे हैं। इसका कारण यह है कि पिछले कई सालों से जरुरतमंदो को मुफ्त में सरकार की ओर से राशन मिल रहा है। इसके अलावा प्राइवेट फैक्ट्रियों में गेहूं कटाई से ज्यादा मजदूरी मिल रही है। इन कारणों से गेहूं की कटाई के लिए मजदूर नहीं मिल रहे हैं। वहीं, पिछले कई दिन से बार बार मौसम के तेवर बदलने से भी किसान अपनी गेहूं की फसल को जल्द समेटने के लिए कंबाइन का सहारा ले रहे हैं। किसानों को चिंता है कि यदि खेतों में पकी खड़ी गेहूं की फसल पर मौसम की बेरूखी हो गई तो उनकी मेहनत की कमाई नष्ट हो सकती है। जिसकी वजह से किसान आनन-फानन में गेहूं की फसल को खेतों से जल्द समेटने के लिए कंबाइन व रैपर वाइंडर का सहारा लेने पर मजबूर हो गए हैं।

किसान बलबीर सिंह, श्योराम, रविंद्र सिंह व सुखपाल आदि का कहना है कि कंबाइन के कटवाने से उन्हें इस बार पशुओं के लिए सूखे चारे के संकट से गुजरना पड़ेगा। क्योंकि कंबाइन से गेहूं का भूसा न बनने से वह अब पशुओं के लिए कूप आदि नहीं बना सकेंगे। इस बार किसानों के साथ-साथ पशुओं को भी परेशानी झेलनी पड़ सकती है।

### जिले की सभी मंडियों में सुचारू रुप से खरीदी जा रही गेहूं की फसल : डीसी

**यमुनानगर।** जिले की तेरह अनाज मंडियों में गेहूं की आवक धीरे धीरे बढ़ रही है। सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा अनाज मंडियों में गेहूं की खरीद निर्धारित मानदण्डों के अनुसार सुचारू रूप से की जा रही है। इस दौरान अनाज मंडियों में गेहूं को एमएसपी मूल्य पर 2585 रुपये प्रति क्विंटल से खरीदा जा रहा है। उक्त जानकारी उपायुक्त प्रीति ने दी। उन्होंने बताया कि चालू रबी सीजन के दौरान अब तक जिला की विभिन्न अनाज मण्डियों में खरीद एजेंसियों द्वारा कुल 1091.8 मीट्रिक टन क्विंटल गेहूं की खरीद की गई। जिसमें से हैफेड द्वारा 872.8 मीट्रिक टन गेहूं व हरियाणा वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन 219 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई। उपायुक्त ने बताया कि चालू रबी सीजन में अब तक जिला की व्यासपुर मंडी में 189.5 मीट्रिक टन, छछरौली अनाज मंडी में 66.3 मीट्रिक टन, जगाधरी अनाज मंडी में 446 मीट्रिक टन गेहूं, रादौर अनाज मंडी में 104 मीट्रिक टन, रसूलपुर अनाज मंडी में 24 मीट्रिक टन व साढौरा में 262 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है। उपायुक्त प्रीति ने अनाज मंडियों में गेहूं की खरीद संबंधी कार्यो में लगे अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अनाज मंडियों में पेयजल व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, बिजली व्यवस्था आदि सुविधाओं का विशेष ध्यान रखें। ताकि किसानों को अपनी गेहूं की उपज को बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत न आएं।

## फसल अवशेष जलाने से पर्यावरण होता है दूषितः डीसी

- उपायुक्त प्रीति ने किसानों से गेहूं की फसल के अवशेष नहीं जलाने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर



यमुनानगर। फसल अवशेषों को नहीं जलाने के लिए किसानों को आहवान करते उपायुक्त।

गेहूं की फसल के अवशेष (फाने) जलाने से भूमि की उपजाऊ शक्ति कम होती है और पर्यावरण को नुक्सान होता है। इसलिए किसान फसल के अवशेष ना जलाएं। उक्त शब्द जिला उपायुक्त प्रीति ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए कहे और किसानों को फसल के अवशेष जलाने की बजाए उनका समुचित प्रबंधन करने के लिए आहवान किया।

उपायुक्त प्रीति ने बताया कि गेहूं की फसल की कटाई शुरू हो चुकी है । इस दौरान खेतों में खड़े फानों को किसान जलाने का प्रयास करते हैं। ऐसा करने से न केवल हमारी भूमि की उर्वरा शक्ति कमजोर होती है। बल्कि हमारा पर्यावरण भी दूषित होता है। उन्होंने किसानों से खेतों में गेहूं की फसल कटाई के बाद फानों में आग नहीं लगाने का आहवान किया। उन्होंने किसानों को फसल के अवशेष जलाने की बजाए उनका समुचित प्रबंधन करने की सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि फसल अवशेष जलाने से निकलने वाला धुआं वायु प्रदूषण का एक बड़ा कारण बनता है। इससे न केवल पर्यावरण दूषित होता है बल्कि लोगों के स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। सांस संबंधी बीमारियां, आंखों में जलन और अन्य समस्याएं इस धुएं के कारण बढ़ जाती हैं। उपायुक्त ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे इस परंपरागत लेकिन हानिकारक तरीके को छोड़कर आधुनिक तकनीकों का उपयोग करें। उन्होंने बताया कि फसल अवशेषों का उपयोग खाद बनाने, पशु चारे के रूप में या मशीनों के माध्यम से खेत में ही मिलाकर किया जा सकता है।

### वायु प्रदुषण से बीमारियों का रहता है खतरा

उपायुक्त प्रीति ने कहा कि फसल के अवशेष जलाने से हमारा पर्यावरण दूषित होता है। जिसकी वजह से हमें भंयकर बीमारियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि फसल अवशेष जलाने से हमारी पैदावार पर असर पड़ता और हमारी उत्पादन लागत अधिक और आमदनी कम हो जाती है। फसल अवशेष जलाने से पोषक तत्वों का नुकसान होता है। उन्होंने बताया कि फसल अवशेष जलाने से शत प्रतिशत नाइट्रोजन व काफी मात्रा में सल्फर का नुकसान होता है। वहीं, जैविक पदार्थ नष्ट हो जाते हैं।

### अवशेष जलाने पर होगी कड़ी कार्रवाई

उपायुक्त प्रीति ने कहा कि यदि कोई किसान फसल अवशेष में आग लगाता है तो प्रशासन द्वारा उस पर न केवल जुर्माना लगाया जाएगा बल्कि उसके खिलाफ उचित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## नारी की महानता का लोक और वेदों में विस्तृत रूप में व्याख्यानः महत्मा सिंधु

- हंसज्योति मंदिर में हुआ सद्भावना कार्यक्रम व भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वावधान में रविवार को श्री हंसज्योति मंदिर जगाधरी में संसार में मातृशक्ति के महत्व विषय पर सद्भावना कार्यक्रम व भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महात्मा सिंधु बाई , महात्मा मेघा बाई व महात्मा सपना बाई ने संसार में नारी के महत्व का ज्ञान दिया और भजनों के माध्यम से सभी को भाव विभोर कर दिया। महात्मा सिंधु बाई व महात्मा मेघा बाई ने फरमाया कि सृष्टि के आरंभ से लेकर अब तक नारी की महानता का लोक और वेदों में विस्तृत रूप में व्याख्यान किया गया है। मां के रूप में नारी की शिक्षा से ही व्यक्ति निरोग, विद्वान, बलवान, ज्ञानवान, धार्मिक एवं सर्वगुण संपन्न बनता है। किसी दार्शनिक का कहना है कि प्रत्येक सफल व्यक्ति के पीछे किसी न किसी रूप में नारी का हाथ आवश्यक होता है। मौके पर प्रधान अजब सिंह, अमित भारती, राहुल चौधरी, पवन कुमार गोयल, डॉक्टर गोपाल शर्मा, डॉ. मनीषा,नौरती राम आदि रहे।

### बलभद्र के मंदिर में ऐतिहासिक मेला 19 को

**रादौर।** अक्षय तृतीया के मौके पर 19 अप्रैल को गांव धौलरा में स्थित भगवान बलभद्र जी के मंदिर में एक दिवसीय ऐतिहासिक मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हजारों श्रद्धालु भाग लेकर भगवान बलभद्र जी के मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर व माथा टेक कर प्रार्थना करेंगे। वहीं अपने परिजनों के लिए सुख शांति की कामना करेंगे। जानकारी देते हुए मेला कमेटी के सदस्य व गांव धौलरा के पूर्व सरपंच संजू धौलरा ने बताया कि मेले में श्रद्धालुओं के लिए दोपहर 12 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। भगवान बलभद्र जी के मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की मुरादे पूरी होती है।

## सरकार की नीतियों के खिलाफ पेंशनर्स वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों में भारी रोष

- पेंशनर्स का मेडिकल भत्ता 3 हजार रुपये प्रतिमाह करे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



रादौर। बैठक में भाग लेते पूर्व कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा पेंशनर वेलफेयर सोसायटी की ओर से रविवार को शहर की कांबोज धर्मशाल में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान ओम प्रकाश बडशामी ने की। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा एलटीसी अगले ग्रुप वर्ष के लिए बंद कर दी गई है। जो पेंशनर अब घूमने जायेगा। उसके बिलो के अनुसार एलटीसी बिलो का भुगतान किया जाएगा। वे सरकार के इस फैसले की निंदा करते हैं। उन्होंने सरकार से पहले जैसी व्यवस्था किए जाने की मांग की। उन्होंने सरकार से मांग की कि सरकार 65, 70, 75 वर्ष पर 5, 10 व 15 प्रतिशत भत्ता, मेडिकल भत्ता 3 हजार रूपये करे। कैश लेस ठीक ढंग से लागू किया जाये। वहीं कोर्ट निर्णय सभी पर लागू किया जाये। कोर्ट निर्णय अनुसार जिसकी कमुटैश राशि 15 वर्ष कटी है, उसकी 3 वर्ष की राशि वापिस की जाए। मौके पर मास्टर बलजीत सिंह, अमृतलाल, योगेश शर्मा, रामेश्वर दास, चानन दास आदि मौजूद रहे।



### जगजीवन राम को भारत रत्न देने का भाजपा नेता कटारिया ने किया समर्थन

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूरजभान कटारिया ने बाबू जगजीवन राम की जयंती पर देशभर में उठ रही बाबू जगजीवन राम को भारत रत्न देने की मांग का पुरजोर समर्थन किया है। उन्होंने आज कहा है कि यह एक संयोग कहा जाएगा कि भारत की महान शख्सियत दोनों अप्रैल मास में पैदा हुई भारत के लिए दोनों ने अपने आप को कुर्बान कर दिया, जहां एक भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीम राव अंबेडकर ने भारत को संविधान देकर पूरे समाज को संगठित रखा, महिला पुरुष के विभेद को खत्म किया, सबको समान अधिकार दिए वही दूसरे पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम ने भारत के नक्शे को यथावत रखा। कटारिया ने जगजीवन राम जी को पुष्पांजलि अर्पित कर कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मुझे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के अधीन डॉ. अंबेडकर फाउंडेशन और बाबू जगजीवन राम राष्ट्रीय फाउंडेशन दोनों में ही राष्ट्रीय सदस्य सचिव के रूप में कार्य करने का अवसर मिला है।

## महिलाएं यात्रा के दौरान सुरक्षा को लेकर बरतें सतर्कताः एएसआई नीलम

- सेफसिटी टीम ने जगाधरी बस स्टैंड पर महिलाओं सुरक्षा पर किया जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। महिलाओं व युवतियों को जागरूक करती एएसआई। फोटो : हरिभूमि

जिला पुलिस की सेफसिटी टीम द्वारा महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे जागरुकता अभियान के तहत जगाधरी बस स्टैंड पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। टीम ने बस स्टैंड पर बस की इंतजार में बैठी महिलाओं व युवतियों को उनकी सुरक्षा को लेकर जागरुक किया। मुख्य वक्ता के रुप में सेफसिटी टीम की एएसआई नीलम ने भाग लिया। सेफसिटी टीम की एएसआई नीलम ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर जागरुकता अभियान चलाया हुआ है। उन्होंने 112 इमरजेंसी सेवा के महत्व के बारे में बताया कि इस एप के माध्यम से किसी भी आपात स्थिति में केवल एक बटन दबाकर तुरंत पुलिस सहायता प्राप्त की जा सकती है। महिलाएं यात्रा के दौरान विशेषकर अकेले सफर करते समय सुरक्षा को लेकर सतर्कता बरतें।



### कथा के चौथे दिन साध्वी भारती ने श्रीराम के बनवास का किया वर्णन

**रादौर।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वाधान में शहर के शिव मंदिर चल रही श्री राम कथा के चौथे दिन कथा कथावाचक साध्वी दिवेशा भारती ने श्रीराम जी की महिमा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीराम चंद्र जी को वनवास मिलने पर पूरी प्रजा दुखी व भावुक हो गई थी। पूरी प्रजा भगवान श्रीराम को स्नेह करती थी। जिस कारण वह उनके साथ चल पड़ी। भगवान श्रीराम की करूणा से हर ऋषि-मुनी प्रभावित थे। उन्होंने वनवास में ऋषि मुनियों की भरपूर सेवा की। सीता, राम व लक्ष्मण ने खुशी खुशी वन में वास किया। तभी शरूपनखा का आगमन होता है। जिसने मोह पास से श्रीराम व लक्ष्मण को बांधने का असफल प्रयास किया। श्रीराम तपस्वी होने के कारण उनके मोह पास में नहीं बंधे। श्री लक्ष्मण ने शरूपनखा उसके कान व नाक काटकर उसको छोड दिया। शूर्पणखा रावण की बहन थी। रावण ने शूर्पणखा के अपमान का बदला लेने के लिए माता सीता का हरण कर लिया। जो अंत में रावण के समूल नाश कर कारण बना।

## छात्रा मुस्कान ने अंतरराष्ट्रीय कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता में पाया प्रथम स्थान

- गुरु नानक कॉलेज में हुई ऑनलाइन अंतरराष्ट्रीय कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



मुस्कान



वंशिका



नैन्सी

गुरु नानक खालसा कालेज यमुनानगर में एनवायरनमेंटल अवेयरनेस विषय पर ऑनलाइन अंतरराष्ट्रीय कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ कालेज के प्रिंसीपल डॉ. अरविंदर भल्ला ने किया। प्रतियोगिता में हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और बिहार समेत अन्य प्रदेशों के अलावा कनाडा, यूनाइटेड किंगडम व आस्ट्रेलिया समेत कई देशों के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

कालेज प्राचार्य डॉ. अरविंदर भल्ला ने बताया कि कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता में महाराजा अग्रसेन कालेज की छात्रा मुस्कान ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, पतंजलि भारतीय आयुर्वेद एवं अनुसंधान संस्थान हरिद्वार की वंशिका शर्मा ने द्वितीय और स्वामी देवी दयाल कॉलेज ऑफ लॉ पंचकूला की नैन्सी रानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, देवी लाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन जगाधरी की नमरा अहमद को पहला कंसोलेशन पुरस्कार मिला। वहीं, ओबन कालेज सिडनी की अवनी शर्मा को दूसरा सांत्वना पुरस्कार मिला। प्रिंसीपल डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला ने विजेताओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कालेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने विजेताओं को बधाई दी और भविष्य में भी संस्थान में इस प्रकार की प्रतियोगिताएं करवाए जाने का आश्वासन दिया।

### दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान में हुआ संत संकीर्तन कार्यक्रम

# संगति से होता है मनुष्य की सफलता का आरंभः भारती

मनुष्य का स्वभाव है कि वह जैसी संगति में रहता है वह उसी संगति में ढल जाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। संत कीर्तन का श्रवन करते सांध संगत।

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में जगादरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गुरू आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी नीलम भारती ने मानव जीवन पर संगति के प्रभाव के बारे में साध संगत को अवगत करवाया। मौके पर साध्वी बहनों ने मधुर भजनों के माध्यम प्रभु का गुणगान किया।

साध्वी नीलम भारती ने फरमाया कि किसी व्यक्ति के बारे में जानना हो तो केवल उसके संपर्क में आने वाले किन्हीं पांच व्यक्तियों से मिलना चाहिए। ताकि हमें उस व्यक्ति के पूर्ण व्यवहार, व्यक्तित्व एवं स्वभाव के बारे में ज्ञान हो सके। क्योंकि यह मनुष्य का स्वभाव है कि वह जैसी संगति में रहता है उसका जीवन उसी तरह ढ़ल जाता है। साध्वी नीलम ने फरमाया कि बादलों से गिरने वाला वर्षा का जल एक समान होता है । लेकिन यह केवल उसकी संगती ही निर्धारित करती है कि वह सीप के मुख में जाकर मोती बनेगा अथवा सर्प के मुख में जाकर विष में परिवर्तित होगा।

### भजनों पर जमकर झूमे श्रद्धालु

मनुष्य की सफलता का आरंभ उसकी संगति से होता है। मानवीय मन पर कई मनोवैज्ञानिक शोध हुए हैं। जिनसे निष्कर्ष निकला कि मनुष्य जैसा बनना चाहता है उसे वैसे ही लोगों की संगति में रहना होगा। यदि हम धनवान बनना चाहते हैं तो धनी लोगों की संगति करें। संगति में एक मनुष्य को पूर्ण रूप से परिवर्तित कर देने का सामर्थ्य है और इसी सूत्र को अपने आत्म कल्याण हेतु प्रयोग किया जा सकता है। जब एक निम्न आत्म स्तर का व्यक्ति किसी तपो मूर्ति ब्रह्मज्ञानी संत की संगति करता है तो कदाचित वह भी सहज रूप से आत्मिक जागृति की ओर अग्रसर हो सकता है। महान संतों एवं भक्तों की संगति का विशेष महत्व है। क्योंकि ऐसी दिव्य विभूतियों के दिव्य संपर्क में आने से हमारी आत्मा जिस दिव्य आयाम का स्पर्श करती है। कार्यक्रम के अंत में सुंदर भजनों का गायन कर भक्तों को झुमने पर मजबूर कर दिया।

## खबर संक्षेप



### परीक्षाओं के बाद कैंपस में पहुंचे छात्र

**कुरुक्षेत्र।** वार्षिक परीक्षा के बाद हुए अवकाश की अवधि पूर्ण होने पर गुरुकुल कुरुक्षेत्र के सभी पुराने छात्र अब गुरुकुल परिसर में पहुंच रहे हैं। कक्षा 7 से 11वीं तक के अधिकांश विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ अपने-अपने हॉस्टल में पहुंच गए है। गुरुकुल कैम्पस में पूरा दिन विशेष चहल-पहल नजर आई। निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा के निदेशानुसार अभिभावकों के स्वागत हेतु गुरुकुल के स्टाफ द्वारा विशेष तैयारियों की गई। एनडीए विंग, कॉम्पिटेटिव विंग के विद्यार्थियों हेतु अलग-अलग पूछताछ केन्द्र स्थापित किये गये जिससे अभिभावकों को किसी भी प्रकार की जानकारी जुटाने में कोई दिक्कत पेश न आएं।

### कूड़ा उठान काम के दौरान कर्मी हुआ घायल

**कुरुक्षेत्र।** नगर परिषद सुगम स्वास्थ्य प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के अधीन 136 कर्मियों पर शहर के अन्दर डोर टू डोर कूड़ा उठाने का जिम्मा है। मामूली वेतन प्राप्त कर्मियों के कंधों पर शहर को साफ सुन्दर रखने का जिम्मा है। यह कर्मचारी दिन निकलते ही सफाई के काम में जुट जाते हैं। डोर टू डोर कर्मियों की यूनियन के प्रधान राहुल ने बताया कि रविवार को कूड़ा उठान करते समय मैंन बाजार आचार वाली गली थानेसर में गौरव नामक कर्मचारी को कूड़ा उठान काम के दौरान गम्भीर चोट लग गई जोकि एक प्राईवेट हस्पताल में उपचाराधीन है।

### राजकीय कॉलेज में हुई प्रश्नोतरी प्रतियोगिता

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय महाविद्यालय भेरिया में अंग्रेजी विभाग द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता तर्कशक्ति सामान्य ज्ञान व अंग्रेजी विषयों पर आधारित थी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य सुभाष चन्द्र शर्मा ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की एवं सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए इस प्रकार की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भागीदारी करनी चाहिए ताकि उनमें बदलते युग के अनुसार कौशल विकास हो सके।

### महिला एवं वृद्ध कैदियों के लिए लगाया योग शिविर

**कुरुक्षेत्र।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कुरुक्षेत्र, दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुरुक्षेत्र की सीजेएम एवं सचिव सचिव नीतिका भारद्वाज के दिशानिदेर्शानुसार न्याय और सम्मान महिला कैदियों एवं वृद्ध कैदियों के लिए एक अभियान के अंतर्गत जिला जेल, कुरुक्षेत्र में एक योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर एकलव्य विद्यालय एनजीओ से अनिल कुमार के सहयोग से आयोजित किया गया। जिसमें बंदियों को योग करने के लिए प्रेरित किया गया तथा उन्हें योग के विभिन्न स्वास्थ्य लाभों और योग में कैसे करियर बनाएं के बारे में जानकारी दी गई।

## कृषि मंत्री ने इस्माईलाबाद और पिहोवा अनाज मंडियों का किया दौरा

# किसानों की सुविधा और पारदर्शिता के लिए लागू की नई व्यवस्थाएं : श्याम सिंह राणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि रबी खरीद सीजन 2026 के दौरान किसानों को सुविधा प्रदान करने, समय की बचत करने तथा खरीद कार्य में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न व्यवस्थाएं लागू की गई हैं। उन्होंने कहा कि किसान अपनी फसल को ट्रैक्टर-ट्रॉली के अतिरिक्त अन्य पारंपरिक साधनों जैसे बैलगाड़ी आदि के माध्यम से भी मंडी में ला सकते हैं। यदि ट्रैक्टर-ट्रॉली पर नंबर प्लेट उपलब्ध नहीं है, तो किसान ट्रैक्टर पर पेंट द्वारा ट्रैक्टर का नंबर लिखकर अथवा कागज/पेपर स्टीकर पर पंजीकरण संख्या अंकित कर मंडी में फसल ला सकता है। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने शनिवार को देर सायं इस्माईलाबाद और पिहोवा अनाज मंडियों का दौरा कर रबी सीजन 2026-27 के लिए गेहूँ की खरीद कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। मंत्री श्याम सिंह राणा ने मंडियों में किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, फसल सत्यापन प्रक्रिया, बिजली, पानी, साफ-सफाई और बायोमेट्रिक प्रणाली सहित सभी व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। हरियाणा सरकार ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल और सरसों का 6200 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हरियाणा सरकार किसान हितैषी सरकार है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के सख्त निर्देश हैं कि मंडियों में खरीद प्रक्रिया के दौरान किसानों और आढ़तियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। मंत्री ने निर्देश दिए कि जिला की सभी मंडियों में पर्याप्त बारदाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और फसल आते ही उठान कार्य में तेजी लाई जाए। करने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान विनोद कंसल, पुनीत बंसल, नगर पालिका वाइस चेयरमैन रशपाल सिंह, राजेश, राजू कौशल, रुपेश गांधी सहित अन्य मौजूद रहे।



**पिहोवा।** आढतियों व किसानों से बातचीत करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

### खरीद एजेंसियों ने अब तक खरीदी 607 एमटी गेहूं

*कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र के खरीद केन्द्रों व मंडियों में गेहूं की खरीद का कार्य खाद्य आपूर्ति, हैफेड तथा हरियाणा वेयर हाउस एजेंसी द्वारा शुरू कर दिया गया है। इन तीनों एजेंसियों ने 607 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद का कार्य पूरा कर लिया है। इस सीजन में गेहूं का 2585 रुपए प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जा रहा है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र में गेहूं की खरीद करने के लिए 25 खरीद केन्द्र व मंडिया स्थापित की गई है।*

### इनेलो ने अनाज मंडी में खोला किसान कष्ट निवारण केंद्र कार्यालय

**पिहोवा।** इनेलो पार्टी द्वारा पिहोवा की पुरानी अनाज मंडी में किसान कष्ट निवारण केंद्र का कार्यालय खोला गया, जिसमें अनाज मंडी में गेहूं की खरीद में आने वाली किसानों की समस्याओं का समाधान इनेलो पदाधिकारी अधिकारियों से मिलकर करने का प्रयास करेगे। इस अवसर पर इनेलो हल्का प्रधान रिम्पी ने कहा कि मंडियों में फसल की खरीद के दौरान किसानों को होने वाली परेशानियों जैसे धीमी खरीद, उठान में देरी, नमी के नाम पर कटौती से राहत दिलाने का प्रयास किया जाएगा, पूर्व हल्का प्रधान व प्रदेश कार्यकारणी सदस्य सुरेश नैन ने कहा कि यह कदम अभय सिंह चौटाला के निदेर्शों के बाद उठाया गया है और पार्टी कार्यकर्ता मंडियों में 24 घंटे किसानों की मदद के लिए मौजूद रहेंगे। पूर्व प्रत्याशी मनजीत सिंह ने सरकार की गेहूँ खरीद नीतियों का विरोध करते हुए कहा कि पूरे सीजन अनाज मंडी में बैठकर वे किसानों की समस्याओं का समाधान करने का दावा करते हुए कहा कि वे किसानों की फसलों की सही खरीद और समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए सरकार पर दबाव बनाएंगे। पूर्व जिला परिषद वाइस चेयरमैन सुभाष ने कहा कि यदि सीजन में कोई भी समस्या हो तो वह पिहोवा की पुरानी अनाज मंडी में इनेलो पार्टी के किसान कष्ट निवारण केंद्र में आकर मिल सकते है। इस अवसर पर राज सिंह संधू, सुरेश नैन, सुभाष भटेडी, मनजीत सिंह, सुरेन्द्र काजल बोधनी, सुखदेव सिंह, विक्रम, अमन कुहाड़, गुरदेव साहू, गुरदेव भट्टी, सुरजीत सिंह व बलविंदर कसाना सहित अनेक गणमान्य पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।



## गुरु तेग बहादुर के प्रकाश पर्व पर महान नगर कीर्तन आज



**कुरुक्षेत्र।** सेक्टर 3 में पहुंची प्रभातफेरी के दौरान रागी जत्था शब्द कीर्तन करते हुए और शामिल संगत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

धन धन श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के प्रकाश पूरब को लेकर महान नगर कीर्तन 6 अप्रैल को सजाया जाएगा। यह नगर कीर्तन गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी से दोपहर को आरंभ होगा। यह जानकारी हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के मैंबर हरमनप्रीत सिंह और सुखजिंदर सिंह मसाना ने दी। उन्होंने बताया कि श्रीगुरु तेग बहादुर साहिब जी महाराज का प्रकाश पर्व श्री गुरु तेग बहादुर साहिब सेवक जत्था द्वारा हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के सहयोग से मनाया जा रहा है। प्रकाश पर्व को लेकर कई दिनों से प्रभात फेरी भी शहर के अलग अलग स्थानों में सजाई जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रकाश पर्व पर सजाया जा रहा महान नगर कीर्तन गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी से शुरू हो कर ताऊ देवी लाल चौंक, बिड़ला मंदिर चौंक, मेन मार्केट रोटरी चौंक, जनता स्कूल और झांसा रोड से होते हुए गुरुद्वारा श्रीगुरु तेग बहादुर साहिब झांसा रोड में संपन्न होगा।

### 7 को महान गुरमत समागम करवाया जाएगा

इस दौरान हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झीडा, मैंबर बीबी जसबीर कौर मसाना, मैंबर इंद्रजीत सिंह, मैंबर कुलदीप सिंह मुल्तानी सहित अन्य मैंबर साहिबान भी अपनी हाजरी भरेंगे। मैंबर हरमनप्रीत सिंह ने बताया कि प्रकाश पूरब को लेकर 7 अप्रैल को गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब पातशाही नौवीं में महान गुरमत समागम करवाया जाएगा। इस समागम में सिंघ साहिब ज्ञानी मान सिंह संगत का मार्ग दर्शन करेंगे। इसके साथ ही भाई सुखवंत सिंह लुधियाना वाले, कथा वाचक भाई गुरदास सिंह, गुरजोत सिंह शाहाबाद मारकण्डा वाले भी संगत के दर्शन करेंगे। समागम में सचखंड श्री दरबार साहिब श्री हरमंदिर साहिब श्री अमृतसर साहिब के हजूरी रागी भाई सतिंदर जी बोड़ल भी शब्द कीर्तनकार संगत को निहाल करेंगे। उधर रविवार की प्रभात फेरी गुरुद्वारा श्रीसिंघ सभा सेक्टर 3 में पहुंची।

## शिक्षक संघ ने राज्यपाल से की भेंट

### 35वें दीक्षांत समारोह के लिए जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा के राज्यपाल एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो. असीम कुमार घोष से शिष्टाचार भेंट कर विश्वविद्यालय के 35वें दीक्षांत समारोह के सफल एवं भव्य आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवाएवं कुलसचिव प्रो. वीरेंद्र पालभी उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक, अनुसंधान एवं प्रशासनिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं, जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण हाल ही में संपन्न दीक्षांत समारोह है। शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र खटकड़ ने कहा कि दीक्षांत समारोह अत्यंत गरिमामय एवं सुव्यवस्थित रहा, जिसने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उन्होंने राज्यपाल, कुलपति एवं कुलसचिव के संयुक्त प्रयासों की सराहना करते हुए विश्वविद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राज्यपाल एवं कुलाधिपति प्रो. असीम कुमार घोष ने शिक्षक समुदाय की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं शोध को और सुदृढ़ करने पर बल दिया।






### फायर सेफ्टी संस्थान में सर्टिफिकेट बांटे

**कुरुक्षेत्र।** पिपली रोड स्थित कुरुक्षेत्र फायर सेफ्टी संस्थान में सर्टिफिकेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि राजेंद्र कुमार डिप्टी डायरेक्टर हरियाणा रोजगार विभाग विशिष्ट अतिथि डॉ. जगमाल सिंह भूतपूर्व सीएमओ, रणजीत सिंह असिस्टेंट डायरेक्टर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि फायर सेफ्टी कोर्स जहां माल की हानि से बचाता है, वहीं देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में सहायक है। उन्होंने बच्चों को भारत सरकार में नई खाली पड़ी फायरमैन की भर्ती के बारे तथा पोर्टल के बारे में जानकारी दी।

## शिविर में 157 मरीजों का जांचा स्वास्थ्य

- डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एवं मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में लगाया शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



एवं उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं के संकल्प को साकार करते हुए कुरुक्षेत्र में निःशुल्क ऑर्थोपेडिक स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एवं मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के संस्थापक एवं संचालक डॉ. हिमांशु जैन के दूरदर्शी नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर ने स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक मिसाल प्रस्तुत की। उनके नेतृत्व में संस्थान निरंतर उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं जनहित में समर्पित भाव से प्रदान कर रहा है। शिविर में क्षेत्र के नागरिकों की उल्लेखनीय सहभागिता देखने को मिली। इस अवसर पर गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, सेक्टर-32, चंडीगढ़ से पधारे अनुभवी ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ. लवीश गर्ग ने आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से मरीजों की हड्डियों एवं जोड़ों से संबंधित विभिन्न समस्याओं का गहन परीक्षण कर उन्हें सटीक परामर्श एवं उपचार संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मोनिका, अंजू, प्रिंस, आशीष, एकता आदि का योगदार रहा। शिविर के दौरान कुल 157 मरीजों का सफलतापूर्वक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### गुरुकुल कुरुक्षेत्र में विश्व शान्ति यज्ञ का आयोजन, छात्रों ने डाली आहुतियां

**कुरुक्षेत्र।** विश्व में शान्ति और आपसी सौहार्द की पुनीत भावना के निमित्त गुरुकुल कुरुक्षेत्र के ब्रह्मचारियों द्वारा विश्व शान्ति यज्ञ किया गया जिसमें यज्ञ ब्रह्मा की महत्त्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन सुनील शास्त्री द्वारा किया गया। यज्ञ में गुरुकुल के सभी छात्रों ने सहभागिता की और पूरे मनोयोग से यज्ञ सम्पन्न कराया। निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान धर्मवीर आर्य के विशेष आग्रह पर सभा से संबद्ध सभी गुरुकुल, शिक्षण संस्थान और आर्य समाजों में रविवार को सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः की पावन भावना को लेकर विश्व शान्ति यज्ञ एवं प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि यज्ञ से जहां हमारे भीतर आत्याधिक ऊर्जा का संचार होता है, वहीं समाज में शान्ति, सद्भाव और सकारात्मक विचारों का प्रसार होता है। यह आर्य प्रतिनिधि सभा की एक जागरूक सामाजिक पहल है जिसका सभी को खुले दिल से स्वागत करना चाहिए। यज्ञ के उपरान्त सभी विद्यार्थियों को मुख्य संरक्षक संजीव आर्य का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को यज्ञ से होने वाले प्रत्यक्ष और परोक्ष लाभों के विषय विस्तृत जानकारी दी।



## समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए आगे आएं युवा : दिग्विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

इस्माईलाबाद में डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष्य में भव्य एवं गरिमामयी समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जजपा के युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करवाई। उनके आगमन पर उपस्थित जनसमूह ने जोरदार स्वागत किया और कार्यक्रम स्थल पर उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने समाज सेवा और जिम्मेदारी का परिचय देते हुए 5 जरूरतमंद कन्याओं के विवाह में 51,000 रुपये का कन्यादान देकर बहनों को आशीर्वाद प्रदान किया। इस सराहनीय पहल ने समाज में सहयोग, संवेदनशीलता और भाईचारे का मजबूत संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने पूज्य संत मंदीप दास का आशीर्वाद प्राप्त किया, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और भी बढ़ गई तथा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया।



### शरीर के तापमान एवं मानसिक तनाव को नियंत्रित रखने में सहायक है पुदीना : डॉ.सुमिरन कौर

**कुरुक्षेत्र।** देश के कई हिस्सों में गर्मी तेजी से बढ़ रही है। चिलचिलाती धूप और तपती गर्मी में ठंडक का अहसास देने के लिए पुदीना सबसे अच्छा और आसान प्राकृतिक उपाय है। हरी और सुगंधित पुदीना की छोटी-छोटी पत्तियां न सिर्फ ताजगी भरी खुशबू देती हैं, बल्कि तन और मन दोनों को शीतलता प्रदान करती हैं। गर्मियों में पुदीना का सेवन कई बीमारियों से बचाव में भी बेहद कारगर साबित होता है। पुदीना पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसमें मौजूद मेंथोल शरीर को प्राकृतिक ठंडक देता है।यह कहना है जानी-मानी आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ.सिमरन कौर का। एक विशेष मुलाकात में उन्होंने बताया कि गर्मी के दिनों में पुदीना चटनी, रायता, जूस, पन्ना, सलाद या पानी में मिलाकर पीने से गर्मी का असर काफी कम हो जाता है और पुदीना गर्मियों में शरीर का तापमान नियंत्रित रखने का सबसे सरल तरीका है। आयुर्वेद में पुदीने का खासा स्थान है और इसके सेवन से शरीर को कई लाभ मिलते हैं। पुदीना पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है। यह अपच, गैस, एसिडिटी और कब्ज जैसी समस्याओं से राहत दिलाता है, पेट को हल्का रखता है और भूख बढ़ाने में भी मदद करता है। पुदीना डिहाइड्रेशन से बचाव में भी कारगर है। गर्मियों में पसीना ज्यादा आने से शरीर में पानी की कमी हो जाती है। पुदीने का पानी पीने से डिहाइड्रेशन की समस्या नहीं होती और दिनभर ताजगी बनी रहती है।





**कुरुक्षेत्र।** योगाश्रम मिजार्पुर में शंख प्रक्षालन क्रिया के लिए योगासन करते भारतीय योग संस्थान के कार्यकर्ता।

### भारतीय योग संस्थान ने कार्यकर्ताओं को करवाई शंख प्रक्षालन क्रिया

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय योग संस्थान, कुरुक्षेत्र जिला इकाई द्वारा आज उन कार्यकर्ताओं को शंख प्रक्षालन क्रिया करवाई गई जिन्होंने 29 मार्च को आयोजित शंख प्रक्षालन में निष्काम सेवा की थी अथवा जो एकादशी व्रत के कारण उस दिन यह क्रिया नहीं कर पाए थे। संस्थान के योगाश्रम मिजार्पुर में आयोजित कार्यक्रम में 26 कार्यकर्ता उपस्थित रहे जबकि 10 कार्यकतार्ओं ने सेवा में सहयोग दिया। स्थानीय संरक्षक हरिराम जोशी ने सूक्ष्म क्रियाओं, ओम ध्वनि व गायत्री मंत्र उच्चारण का अभ्यास करवाया। संस्थान के प्रांतीय प्रधान ओमप्रकाश ने शंख प्रक्षालन के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रांतीय संगठन मंत्री एवं प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर ने शंख प्रक्षालन के लाभ, निषेध, सावधानियां व सही विधि के बारे में साधकों को विस्तार से बताया। संरक्षक हरिराम जोशी ने उपस्थित साधकों को शंख प्रक्षालन के विशेष पांच आसनों का विधि पूर्वक अभ्यास करवाया। आसनों का प्रदर्शन गुलशन कुमार ग्रोवर, प्रांतीय संगठन मंत्री ने किया। अधिकतर साधकों ने शंख प्रक्षालन के पश्चात कुंजल, रबड़ व सूत्र नेति तथा जल नेति आदि शुद्ध क्रियाएं भी की।

## एलएनजेपी की पीएमओ डॉ. सारा अग्रवाल व डिप्टी सीएमओ डॉ. अंजली वैद्य ने साइक्लोथॉन को दी हरी झंडी

युवाओं से नशे से दूर रहने का किया आह्वान

# विकसित राष्ट्र बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को रखना होगा स्वास्थ्य पर फोकस : अग्रवाल



**कुरुक्षेत्र।** साइक्लोथॉन को हरी झंडी देती एलएनजेपी की पीएमओ डा .सारा अग्रवाल व डिप्टी सीएमओ डा अंजली वैद्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

लोकनायक जयप्रकाश राजकीय नागरिक अस्पताल की पीएमओ डॉ. सारा अग्रवाल ने कहा कि देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। इस के लिए सभी साइकिल को अपनाने का प्रयास करना चाहिए। इस समाज को साइकिल के साथ जोड़ने के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण कुरुक्षेत्र की तरफ से लगातार प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि देश को विकसित और आत्मनिर्भर देश बनाने के सपने को साकार करने में फिट और सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण युवाओं की अहम भूमिका है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहें और अपनी सकारात्मक ऊर्जा का प्रयोग देश को आगे ले जाने और आगे बढ़ाने में करें। पीएमओ डॉ. सारा अग्रवाल भारतीय खेल प्राधिकरण की तरफ से रविवार को आयोजित साइक्लोथॉन कार्यक्रम में बोल रही थी। इस साइकलोथान में युवाओं ने भाग लिया।

### कई किलोमीटर तक चलाई साइकिल

इससे पहले पीएमओ डॉ. सारा अग्रवाल, डिप्टी सीएमओ डॉ. अंजली वैद्य, डा बलराज कुमार, डीआईपीआरओ डा.नरेंद्र सिंह, सेवानिवृत्त डीएसओ यशवीर सिंह, हॉकी कोच नरेंद्र ठाकुर ने साइक्लोथॉन को हरी झंडी देकर रवाना किया। इस साइक्लोथॉन के प्रतिभागियों ने कई किलोमीटर साइकिल चलाई। पीएमओ डा सारा अग्रवाल ने कहा कि भारतीय खेल प्राधिकरण सोनीपत के क्षेत्रीय निदेशिका रीतू पतीक आदेशानुसार व सहायक निदेशक विजय मनचंदा के मार्गदर्शन में युवाओं को शामिल कर साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया। इस साइक्लोथॉन का आयोजन करते हुए एक साल से ज्यादा समय हो चुका है। इस लक्ष्य है कि लोगों को फिट रहने के प्रति जागरूक करना है। इस मौके पर सेवानिवृत्त हॉकी चीफ कोच गुरविंद्र सिंह, हॉकी कोच, नरेंद्र ठाकुर, हॉकी कोच सोहन लाल, समाजसेवी विनोद गर्ग, वीरभान सिंह, नरेश सैनी आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### पुलिस की डेहा कॉलोनी में की छापेमारी

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर पुलिस द्वारा डेहा कॉलोनी में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। यह सर्च ऑपरेशन थाना प्रबंधक सुरेश कुमार के नेतृत्व में अंजाम दिया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य इलाके में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करना और संदिग्ध गतिविधियों पर अंकुश लगाना रहा। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने नशा तस्करी के मामलों में संलिप्त रहे पुराने आरोपियों के ठिकानों पर दबिश दी और उनकी वर्तमान गतिविधियों को बारीकी से चेक किया। पुलिस प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि नशे के अवैध कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और उन पर लगातार पैनी नजर रखी जा रही है। थाना क्षेत्र में बाहर से आकर रह रहे लोगों की भी गहनता से जांच की गई।

### आर्य समाज की कार्यकारिणी का विस्तार

**नारायणगढ़।** आर्य समाज मेन बाजार के द्विवार्षिक चुनाव में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से डॉ. राजेंद्र तायल को दो वर्षों के लिए दोबारा प्रधान चुना गया है। इस अवसर पर डॉ. राजेन्द्र तायल ने समस्त कार्यकारिणी का गठन किया। उन्होंने कृष्ण लाल बुद्धिराजा को उपप्रधान, चंद्रपाल शास्त्री को मंत्री, डॉ विश्वबंधु गुप्ता को कोषाध्यक्ष, जय भगवान को भवन इंचार्ज , सतीश कुमार बिंदल को लेखा निरीक्षक का दायित्व सौंपा। आर्य समाज की कार्यकारिणी में मास्टर सुरेंद्र कुमार, राममूर्ति बिंदल , विनय कंवर , जितेंद्र कुमार , नितिन गुप्ता , आदर्श गुप्ता , दीपक वालिया , सत प्रकाश गर्ग चुने गए।

### छह अप्रैल को सुनीं जाएंगी बिजली शिकायतें

**अंबाला।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अंबाला शहर के अधीक्षक अभियंता कार्यालय में 6 अप्रैल 2026 को प्रातः 11 बजे से 2 बजे तक बैठक का आयोजन किया जाएगा। इसकी अध्यक्षता उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता विनोद कुमार गोयल करेंगे। कोई भी उपभोक्ता अपनी बिजली से संबंधित शिकायत यहां रख सकता है।

### अग्निवीर के लिए 10 तक बढ़ाई गई तिथि

**अंबाला।** भारतीय सेना में अग्निवीर स्कीम के तहत वर्ष 2027 के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 1 अप्रैल से बढ़ाकर 10 अप्रैल 2026 तक कर दी गई है। प्रदेश के छह जिलों अंबाला, कैथल, कुरुक्षेत्र, करनाल, यमुनानगर, पंचकुला और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के पुरुष अभ्यार्थियों तथा दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल एवं चंडीगढ़ की महिला अभ्यार्थी अपना पंजीकरण 10 अप्रैल 2026 से पहले वेबसाइट पर जाकर पूरा करवा सकती हैं।

## महीनों से भटक रहे थे पीड़ित परिवार

# हाईकोर्ट के फैसले के बाद 19 परिवारों को मिला दयालु योजना का लाभ

- क्लेम रिजेक्ट होने के बाद परिवारों ने खटखटाया था हाईकोर्ट का दरवाजा, तीन महीने के भीतर परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर लाभ देने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

*परिवार के सदस्य की मौत पर राज्य सरकार की ओर से पांच स्लैब में दिया जाता है मुआवजा, देरी का कारण बता कर हरियाणा परिवार सुरक्षा न्यास विभाग ने खारिज कर दिए थे आवेदन*

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के अहम फैसले के बाद 19 परिवारों को बड़ी राहत मिली है। इन परिवारों की ज्यादातर विधवा महिलाएं लंबे समय से राज्य सरकार की दीनदयाल उपाध्याय अंतोदय परिवार सुरक्षा (दयालु) योजना के लाभ से वंचित थी। हाईकोर्ट के आदेश के बाद राज्य सरकार के हरियाणा परिवार सुरक्षा न्यास विभाग की ओर से ज्यादातर परिवारों को योजना का लाभ आवंटित कर दिया गया है। हाईकोर्ट में इन परिवारों के मामले की पैरवी एडवोकेट रविंद्र कुमार ने की । मजबूत पैरवी की वजह से इन परिवारों को योजना का लाभ मिल पाया है।

### ऐसे मिला 19 परिवारों को लाभ

दीनदयाल उपाध्याय अंतोदय परिवार सुरक्षा योजना के तहत राज्य सरकार की ओर से उस परिवार को पांच स्लैब में मुआवजा दिया जाता है जिनके परिवार के किसी सदस्य की अचानक मौत हो जाती है। पीड़ित परिवार की आमदनी 1.80 लाख से कम होनी चाहिए। योजना के मुताबिक परिवार के 6 से 12 साल के सदस्य की मौत पर एक लाख, 12 से 18 साल के सदस्य की मौत पर दो लाख,18 से 25 साल के सदस्य के निधन पर तीन लाख, 25 से 45 साल के सदस्य की मौत पर पांच लाख व 45 से 60 साल के व्यक्ति की मौत पर तीन लाख का मुआवजा मिलता है। अंबाला,पंचकुला, यमुनानगर व प्रदेश के अन्य जिलों से ताल्लुक रखने वाले इन 19 परिवारों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा था। परिवार का कोई न कोई सदस्य खोने वाले ये पीड़ित परिवार योजना के लाभ के लिए सरकारी कार्यालयों के धक्के खा रहे थे। मामले की पैरवी करने वाले एडवोकेट रविंद्र कुमार ने बताया कि ज्यादातर परिवारों के आवेदन संबंधित विभाग खारिज कर चुका था। ऐसे में इन परिवारों को राहत मिलने की उम्मीद टूट चुकी थी।



### इन परिवारों को मिली राहत

एडवोकेट रविंद्र कुमार ने बताया कि योजना के लाभ के लिए अमित, सुदेश, सुमन देवी, रोशनी देवी, मनीषा, मिनाक्षी, गुलाबो, कस्तूरी देवी, सोनिया देवी, मोनिका श्रीवास्तव, गुरदयाल देवी, निर्मला देवी, करनैल सिंह, दलबीर सिंह, कुसुम देवी, नीरू रानी, महिंद्रो देवी, अनु व पूजा शामिल थी। इनमें से ज्यादातर महिलाओं के पतियों की असमय मौत हो गई थी।

### खास बातें

- पीड़ित विधवा महिलाएं लंबे समय से योजना के लाभ से वंचित थीं
- एडवोकेट रविंद्र कुमार ने परिवारों की ओर से पैरवी की
- परिवार की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से कम होना आवश्यक
- अंबाला, पंचकूला, यमुनानगर सहित कई जिलों के परिवार प्रभावित थे

### तीन महीने में आया फैसला

एडवोकेट रविंद्र कुमार ने बताया कि सभी परिवारों को इंसाफ दिलाने के मकसद से उनकी ओर से 8 अक्तूबर 2025 को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में सिविल रिट पीटिशन (नंबर 30231/2025) दायर की गई थी। सुनवाई के दौरान याचिका में सभी परिवारों को माननीय अदालत से राहत देने का आग्रह किया गया था। राज्य सरकार ने ज्यादातर आवेदनों के खारिज होने के पीछे लेट आवेदन का तर्क दिया था। एडवोकेट रविंद्र कुमार के मुताबिक अदालत ने राज्य सरकार के तर्क को खारिज करते हुए सभी पीड़ित परिवारों को तय स्लैब के दायरे में मुआवजा देने के आदेश दिए थे। फैसले में हाईकोर्ट ने स्पष्ट आदेश दिए थे कि तीन महीने यानि 23 अप्रैल 2026 तक सभी परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर योजना का लाभ मिल जाना चाहिए। फैसले के आधार पर परिवारों को लाभ मिलना शुरू हो चुका है।

# जनगणना के पहले चरण में होगा मकान के सूचीकरण का कार्य

- डीसी ने सभी अधिकारियों को सजग रहने के दिए निर्देश, बोले कार्य से पहले दिया जाएगा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने जनगणना-2027 के प्रथम चरण को लेकर सभी अधिकारियों को सजग रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि पहले चरण में मकान सूचीकरण का कार्य होगा। इसके लिए जिले के सभी चार्ज स्तर के अधिकारियों को प्रशिक्षण दिलवाना भी बेहद जरुरी है। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि यह कार्य को पूरी ईमानदारी और कर्मठता से संपूर्ण होना चाहिए। उन्होंने इस दौरान कार्य के दृष्टिगत लगाए गए प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण 6 अप्रैल 2026 से हर चार्ज स्तर पर शुरू होना सुनिश्चित है। प्रगणकों और सुपरवाईजरों की नियुक्ति से संबंधी ऑफलाईन सूचना उनके विभाग प्रमुख के माध्यम से प्रेषित की जा रही। शीघ्र ही ऑनलाईन नियुक्ति की सूचना, आबंटित ब्लाक की सूचना भी उपलब्ध करवा दी जाएगी। सभी नियुक्त कर्मी समय पर सुबह 9 बजे निर्धारित स्थल पर पहुंच कर प्रशिक्षण प्राप्त करना सुनिश्चित करें। बता दें कि यह कार्य अति महत्वपूर्ण है। इस कार्य के तहत जिस भी कर्मी को दायित्व सौंपा गया है। वे अपने इस कार्य को पूरी तत्पर्यता के साथ करना सुनिश्चित करें।

### मोबाइल एप से 15 साल बाद जनगणना शुरू

उपायुक्त ने बताया कि जनगणना कार्य वैसे तो प्रति दस वर्ष के बाद किया जाता है। यह 2021 में होना था परंतु किन्ही कारणों से नहीं हो पाया इसीलिए अब यह कार्य 15 वर्षों के बाद किया जा रहा है। इसीलिए सभी नियुक्त कर्मी इस राष्ट्र महत्व के कार्य को महानयज्ञ समझ कर इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि यदि इस कार्य को करने में किसी की लापरवाही सामने आई तो उसके खिलाफ जनगणना अधिनियम एक्ट 1948 के तहत कार्रवाई करने का प्रावधान है इसलिए किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सोमवार से शुरू होने वाले प्रशिक्षण शिविर में कर्मी समय पर पहुंच कर प्रशिक्षण लेना सुनिश्चित करें। यह प्रशिक्षण अलग अलग बैच के अनुसार 22 अप्रैल तक चलेगा। चूंकि इस बार की जनगणना पहली बार मोबाईल एप्प के माध्यम से की जानी है।

### प्रशिक्षण शिविर में तकनीकी मार्गदर्शन व सुविधाएं सुनिश्चित

प्रशिक्षण के दौरान तकनीकी दृष्टिकोण दिया जाना तय है। हर प्रशिक्षण स्थल के हर कक्ष में प्रोजेक्टर स्क्रीन से लैस है। इन सभी को इसी चार्ज के तहत नियुक्त किए गए फील्ड ट्रेनर्स के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा। यदि किसी प्रगणका अथवा सुपरवाइजर को किसी तरह की असुविधा का सामना करना पड़ता है तो वे इस शिविर में संबंधित सभी चार्ज अधिकारी और सहायक चार्ज अधिकारी को सूचित कर सकते हैं ।

# महात्माओं की कभी परीक्षा न लें इंसान

- दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से आयोजित हुआ साप्ताहिक सत्संग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान हुसैनी रोड स्थित सत्संग आश्रम में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया जिसमें आशुतोष महाराज के परम शिष्य स्वामी गुरूज्ञानानंद ने साध संगत को आध्यात्मिक विचारों से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि जब जीव विषय वासनाओं से मुक्त होकर भगवान को समर्पित हो जाता है तो भगवान उसे मान,सम्मान देते हैं । उन्होंने कहा कि भगवान को धन नहीं,सच्चा मन चाहिए,समर्पण भाव चाहिए।उन्होंने कहा कि



नारायणगढ़। कथा में मौजूद संगत।

असली मित्र वही होता है जो अपने को कभी न भूले और कहा कि जवानी में विवेक होना चाहिए।क्षमा व्यक्ति का सबसे बड़ा गुण है जो कन्या अपने माता-पिता का सम्मान नहीं करती उसे जीवन में कभी सुख नहीं मिलता।जिस घर में बड़े बुजुर्गों को सम्मान मिलता है वह घर हमेशा तरक्की करता है,जिस घर में बड़ों का सम्मान नहीं होता वह घर बिखर जाता है,टूट जाता है,नष्ट हो जाता है।उन्होंने कहा कि बच्चों का संस्कारवान होना अति आवश्यक है।मनुष्य को कभी भी साधु संतो और महात्माओं की कभी भी परीक्षा नहीं लेनी चाहिए बल्कि उनका सम्मान करना चाहिए।उन्होंने छात्रों से कहा कि प्रभु भक्ति का सबसे सरल मार्ग है, विश्वास,संबंध,त्याग, भगवान को मन से समर्पण करें तो उसका कल्याण होगा। उन्होंने कहा कि अगर मन से समर्पण नहीं किया तो सोने के मुकुट भी चढ़ाओ तो भगवान को प्रसन्न नहीं कर सकते। ईश्वर न्याय प्रिय है। वह सब के साथ न्याय करते हैं।

# छात्रवृत्ति योजना परीक्षा में लड़कियों ने मारी बाजी

- 102 छात्र चयनित, मिलेगी 48000 रुपये राशि
- 32 लडकों का भी हुआ चयन, चार साल तक हर महीने मिलेगी एक हजार रुपये की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति योजना परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। परीक्षा का उद्देश्य सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले प्रतिभाशाली निर्धन बच्चों का चयन कर उनका शैक्षिक विकास करना है। जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने बताया कि प्रदेश से कुल 2337 विद्यार्थियों के चयन हेतु हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में 30 नवंबर 2025 को एक लिखित परीक्षा का आयोजन करवाया गया था। इस परीक्षा में उत्तीर्ण हुए संभावित चयनित परीक्षार्थियों की सूची राज्य परिषद गुरुग्राम द्वारा जारी कर दी गई है। इसमें जिले से इस वर्ष 102 विद्यार्थियों ने यह परीक्षा पास की है। इन चयनित विद्यार्थियों में 65 लड़कियां एवं 32 लड़के शामिल हैं। कालड़ा ने स्वयं फोन कर के उत्कृष्ट परिणाम वाले और जिले में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने विद्यालयों के मुखियों से भी चर्चा कर उन्हें एवं उन के स्टाफ व बच्चों के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि बहुत जल्द जिला शिक्षा सदन में इन विद्यालयों के उन शिक्षकों को सम्मानित करने हेतु विशेष सम्मान-समारोह का आयोजन किया जाएगा। इन शिक्षकों ने परीक्षा के लिए विद्यार्थियों की विशेष तैयारी करवाई थी। इस परीक्षा के अंतर्गत पिछले साल जिला से 101 विद्यार्थियों का चयन हुआ था। उन्होंने बताया कि जिला नोडल अधिकारी एवं जिला गणित विशेषज्ञ सुशील अरोड़ा, सभी खंड शिक्षा अधिकारियों, संबंधित विद्यालय प्रमुखों एवं अध्यापकों का इस विशेष उपलब्धि में विशेष योगदान रहा।

### दो स्कूलों के पांच_पांच छात्र अव्वल

राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति योजना परीक्षा में जिले के दो स्कूलों के पांच_पांच छात्रों ने बाजी मारी है। इनमें राजकीय उच्च विद्यालय नन्हेड़ा व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ज्योली के पांच_पांच छात्र मौजूद रहे हैं। इसके बाद राजकीय माध्यमिक विद्यालय नगला नाकू के 4 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुल्तानपुर के 3 छात्रों ने भी यह परीक्षा पास की है। राजकीय माध्यमिक विद्यालय सिंघावाला, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोहड़ी भानोखेड़ी, राजकीय माध्यमिक विद्यालय लालपुर, राजकीय माध्यमिक विद्यालय लखनौर साहिबरू राजकीय माध्यमिक विद्यालय महुआखेड़ी, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बब्याल के भी तीन-तीन छात्रों ने यह परीक्षा पास की है।

### 55% अंक थे परीक्षा की पात्रता

हर साल केवल सरकारी विद्यालयों में कक्षा 8वीं में पढ़ रहे वे सभी विद्यार्थी इस परीक्षा में बैठने के लिए पात्र होते थे जिन्होंने कक्षा 7वीं की परीक्षा पिछले सत्र ही सरकारी विद्यालयों से कम से कम 55% अंकों से पास की हो। परीक्षार्थी के माता-पिता की सभी स्रोतों से कुल वार्षिक आय 3,50,000 रुपये से कम हो।

# अब छोटे गैस सिलेंडरों का संकट श्रमिक व किरायेदार बेहद परेशान

- गैस एजेंसी संचालकों के पास छोटे सिलेंडरों का स्टॉक खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

व्यवसायिक गैस सिलेंडरों की किल्लत के बाद अब पांच किलो वाले छोटे सिलेंडरों का भी संकट खड़ा हो गया है। एजेंसियों के पास इनका स्टॉक खत्म हो चुका है। इससे श्रमिक और अन्य जरूरतमंद उपभोक्ताओं की मुश्किलें बढ़ गई हैं। एजेंसी संचालकों का कहना है कि गोदाम में स्टॉक खत्म है। मुख्य कंपनी से भी आपूर्ति नहीं मिल रही है। एजेंसी संचालक के अनुसार रोजाना आठ से दस उपभोक्ता पांच किलो के सिलेंडर रिफिल कराने के लिए एजेंसी पर पहुंचते थे। इनमें ज्यादातर वे लोग होते हैं जो किराए पर अकेले रहते हैं या फिर छोटे कार्यों के लिए कम गैस का उपयोग करते हैं। कुछ दिनों से स्टॉक न होने के कारण इन उपभोक्ताओं को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। छोटे सिलेंडरों की कमी का सबसे अधिक असर श्रमिक वर्ग और प्रवासी मजदूरों पर पड़ रहा है। ये लोग बड़े सिलेंडर खरीदने के बजाय छोटे के जरिए ही गुजारा करते हैं। अब बाजार में इनकी उपलब्धता न होने से उन्हें भोजन बनाने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। कंपनी स्तर पर सप्लाई बाधित होने के कारण यह समस्या गहराती जा रही है। संचालकों का कहना है कि जब तक पीछे से सप्लाई नहीं आती तब तक स्थिति सामान्य होना मुश्किल है।

# समाधान संस्था की कार्यकारिणी का विस्तार, रविंद्र मोहन को मिली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

'समाधान' संस्था की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का चुनाव करना था। बैठक में स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपरा का निर्वहन करते हुए गुप्त मतदान प्रक्रिया अपनाई गई। मतपत्रों के जरिए हुए इस चुनाव में सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मतगणना के उपरांत परिणामों की घोषणा की गई जिसमें बहुमत के आधार पर रविंद्र मोहन को प्रधान चुना गया। उन्हें कुल मतों के 50% से अधिक मत प्राप्त हुए। वहीं, डॉ. विनोद शर्मा



शहजादपुर। मीटिंग में मौजूद संस्था के पदाधिकारी।

ने भी 50% से अधिक मत पाकर महासचिव का पद हासिल किया । संगठन को मजबूती देने और भविष्य की रूपरेखा तैयार करने के लिए संस्थापक अर्पित अनाम, अमरनाथ धीमान और श्याम लाल कौशिक को सर्वसम्मति से मार्गदर्शक चुना गया । चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया पूर्व प्रधान एडवोकेट अमरनाथ धीमान की देखरेख और अध्यक्षता में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई । बैठक में मुख्य रूप से रुपिंदर पासी, हेमराज पोसवाल, राजेश वर्मा, गुरनाम सिंह सैनी, रघुवीर सिंह, विनोद कुमार, निर्मल सिंह, सुखविंदर, हेमंत कुमार, दर्शना देवी, रचना देवी,कमलेश कुमारी, रवि कुमार व अन्य गणमान्य सदस्य मौजूद रहे।



नारायणगढ़। लोगों के नेत्रों की जांच करते विशेषज्ञ। फोटो : हरिभूमि

### जांच शिविर में 62 ने करवाई जांच

**नारायणगढ़।** श्री सनातन धर्म महावीर दल के तत्वाधान में रविवार को लगाए गए निशुल्क नेत्र जांच शिविर में 62 लोगों ने अपने नेत्रों की विभिन्न बीमारियों की जांच करवाई। बजरंग भवन में लगाया गया यह शिविर कपिल आई अस्पताल तथा माधव नेत्र बैंक के सहयोग से लगाया गया। महावीर दल के महासचिव राजेश वर्मा ने बताया कि इस शिविर में कपिल आई अस्पताल अंबाला शहर से आई विशेषज्ञों की टीम ने लोगों की आंखों की बीमारियों की जांच की व उन्हें निशुल्क दवाईयां भी वितरित की। उन्हें चश्मे के नंबर भी दिए गए। उन्होंने बताया कि हर महीने के पहले रविवार को संस्था द्वारा शिविर का आयोजन किया जाता है जिसमें लोग अपनी आंखों की जांच करवाकर लाभ उठा रहे हैं। इस अवसर पर श्री सनातन धर्म महावीर दल के प्रधान प्रीतम लाल गुलाटी, पूर्व प्रधान शिव कुमार शर्मा, उप प्रधान रामेश्वर शर्मा आदि रहे।

### एक्टिवा चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

**अंबाला।** पुलिस ने सर्राफा बाजार क्षेत्र से हुई एक्टिवा चोरी की गुत्थी को महज 24 घंटों के भीतर सुलझा लिया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की गई एक्टिवा बरामद करने में सफलता हासिल की है। 4 अप्रैल 2026 को सर्राफा बाजार से एक एक्टिवा चोरी होने की शिकायत दर्ज की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला। तकनीकी साक्ष्यों और फुटेज की मदद से आरोपियों की पहचान की गई, जिसके बाद पुलिस ने दबिश देकर दोनों को धर दबोचा। पकड़े गए आरोपियों की पहचान रोहित कुमार उर्फ मोनू व कृष्ण कुमार उर्फ कुणालके रूप में हुई है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## भाजपा नेताओं ने जमकर की गर्ग परिवार की तारीफ, पूर्व विधायक ने भी किया रक्तदान

# स्वर्गीय राम निरंजन की स्मृति में किया हवन व लगाया रक्तदान शिविर

- हवन हमारी प्राचीन परंपरा का प्रतीक : डॉ. पवन सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

आर्य समाज मंदिर में गर्ग परिवार द्वारा अपने पूज्य पिता स्वर्गीय मा. राम निरंजन एवं माता स्वर्गीय मगनमूर्ति की पावन स्मृति में हवन यज्ञ और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में परिवारजन, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य व्यक्तियों ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना



शहजादपुर। शिविर में रक्तदान करते लोग।

की गई। उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय राम निरंजन समाज सेवा, सादगी और जनहित के कार्यों के लिए हमेशा याद किए जाएंगे। उनकी स्मृति में आयोजित यह हवन यज्ञ और रक्तदान शिविर समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है, जो नई पीढ़ी को सेवा और संस्कारों की राह दिखाता है। वे आर्य समाज से भी जुड़े रहे ओर जीवन भर उन्होंने समाज सेवा के कार्य किए।

इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सेवा भाव से जुड़े आयोजन समाज को सकारात्मक दिशा देते हैं। उन्होंने कहा कि हवन हमारी प्राचीन परंपरा का प्रतीक है, जो हमें आध्यात्मिक ऊर्जा और संस्कार प्रदान करता है, वहीं रक्तदान शिविर मानवता की सेवा का सबसे श्रेष्ठ माध्यम है। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। यह सीधे किसी जरूरतमंद के जीवन को बचाने का कार्य करता है। उन्होंने स्वयं 39वीं बार रक्तदान कर युवाओं से नियमित रक्तदान करने का आह्वान किया और कहा कि समाज को स्वस्थ व संवेदनशील बनाने में ऐसे प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं। इस अवसर पर जितेंद्र गर्ग ने सभी रक्तदाताओं, अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके माता-पिता ने हमेशा सेवा, संस्कार और समाज के प्रति समर्पण का संदेश दिया। उनकी स्मृति में यह आयोजन करना परिवार के लिए स्वर्गीय राम निरंजन की पुत्रवधु रीटा गर्ग ने भावुक होते हुए कहा कि परिवार के लिए यह दिन श्रद्धा और सेवा का संगम है।

### 155 ने किया रक्तदान

रक्तदान शिविर में 155 लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। रक्त संग्रह पीजीआई चंडीगढ़ की टीम द्वारा किया गया। इस अवसर पर आर्य समाज के पदाधिकारी चंद्र पाल शास्त्री, जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र राणा, मार्केट कमेटी अध्यक्ष नरेंद्र राणा कुराली, राकेश बिंदल, मंगू राम कंजाला सहित भाजपा कार्यकर्ता और क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।